an>

Title: Regarding need to construct a bridge over river Sone near Srinagar in Garhwa district of Jharkhand.

श्री विÂणु दयाल राम (पलामू) : सोन नदी के ऊपर श्रीनगर (गढ़वा जिला, झारखण्ड राज्य) के पास पुल बनाने की चिर-परिचित मांग पलामू एवं गढ़वा जिला के निवासियों की है। इस पुल के बन जाने से गढ़वा एवं पलामू जिला के निवासियों को रोहतास (बिहार) जाने का सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध हो जाएगा। वर्तमान में उन्हें करीब 80 कि.मी. की दूरी तय कर रोहतास जाना पड़ता है। पुल की सुविधा प्राप्त हो जाने पर पलामू एवं गढ़वा जिला के निवासियों की आर्थिक एवं शैक्षणिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। वे इस मार्ग से उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश भी आसानी से जा पायेंगे। गढ़वा जिला एवं पलामू जिला के निवासियों के लिए मरीजों का इलाज कराने के लिए बनारस जाने की सुविधा होगी जहाँ बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध हो पाएगी। वर्तमान में उन्हे राँची जाने के लिए करीब 163 कि.मी. से 200 कि.मी. की दूरी तय करनी पड़ती है। उल्लेखनीय है कि यह पुल राÂट्रीय उच्च मार्ग 75 एवं राÂट्रीय उच्च मार्ग-2 को भी जोड़ने का कार्य करेगा।